# प्रेस नोट - थाना कांट

# जनपद शाहजहाँपुर

**दिनाँक - 14.08.2026**

## थाना कांट पुलिस टीम द्वारा कांवड़ियों को टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं क्रियाशील/चिन्हित अपराधियों, वांछित/वारण्टी तथा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कांट के नेतृत्व में थाना कांट पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 12.08.2026 को वादी श्री अमरीश कुमार पुत्र दीनानाथ निवासी ग्राम बरखेड़ा हवेली, थाना कांट, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना कांट पर दी गई तहरीर बावत वादी अमरीश कुमार, नितीश कुमार, प्रदीप कुमार एवं राहुल उर्फ तुलसी के फर्रूखाबाद से पैदल कांवड़ लेकर वापस आते समय पीछे से आ रही कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक द्वारा ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर कांवड़ियों को टक्कर मार देने, जिससे गंभीर चोटें आने तथा दौराने इलाज नितीश एवं प्रदीप की मृत्यु हो जाने एवं राहुल उर्फ तुलसी के घायल होने के संबंध में थाना कांट पर मु०अ०सं० 379/2026 धारा 281/125(a)/125(b)/106(1) बीएनएस बनाम ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना उक्त घटना में अभियुक्त अभिषेक वर्मा उर्फ छोटू पुत्र देवनारायण, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम मढ़ा खुर्दकलां, थाना सेहरामऊ उत्तरी, जनपद पीलीभीत का नाम प्रकाश में आया। दिनांक 13.08.2026 को थाना कांट पुलिस टीम कानून व्यवस्था एवं रोकथाम अपराध, तलाश वांछित अपराधी में क्षेत्र में भ्रमणशील थी, तभी मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम जमौर के पास से उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त अभिषेक वर्मा उर्फ छोटू को समय करीब 22:30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम -**

अभिषेक वर्मा उर्फ छोटू पुत्र देवनारायण, उम्र करीब 28 वर्ष नि0ग्रा0 मढा खुर्द कलां थाना सेहरामऊ उत्तरी, पीलीभीत।

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 379/2026 धारा 281/125(a)/125(b)/106(1) बीएनएस थाना कांट

**गिरफ्तारी का दिनाँक, व स्थान -**

दिनांक 13.08.2026 ग्राम जमौर के पास से, थाना क्षेत्र कांट, जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री ब्रजेश कुमार थाना कांट जनपद शाहजहांपुर
2. का0 सोनू कुमार